हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

बड़मार के प्लांटेशन एरिया में घुसा हाथियों का झुण्ड, गेट तोड़कर पौधों को किया
2



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 6 नवम्बर को समय दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### सतनामी समाज की बैठक 9 को विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** सर्व सतनामी समाज जांजगीर की बैठक रविवार 9 नवम्बर को दोपहर 2:30 बजे गुरू घासीदास प्रांगण केरा रोड जांजगीर में आयोजित की जाएगी। बैठक में निम्न प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। शहर की सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार, 18 दिसम्बर को आयोजित होने वाली बाबा गुरू घासीदास जयंती के कार्यक्रम निर्धारण पर निर्णय, वर्ष 2024 के आर्थिक विवरण एवं बचत राशि का समाज के समक्ष प्रस्तुतिकरण, वर्ष 2021 में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तावित भूमि आबंटन के विषय पर विशेष विमर्श, समाज के नाम भूमि रजिस्ट्री हेतु कोष संग्रह व समिति गठन का निर्णय, अध्यक्षीय कार्यकाल की समीक्षा एवं समाज में नशामुक्ति अभियान प्रारंभ करने पर चर्चा, गुरूद्वारा निर्माण की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श शामिल है। बैठक के समापन पर समाज के समर्पित कार्यकर्ता स्व. साहिल बघेल की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। सर्व सतनामी समाज जांजगीर के सचिव चंद्रकुमार मिरी एवं प्रवक्ता विजय कुमार मनहर ने बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### देवरीमठ में एक दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीमठ के शंकर चौक जोरवा पारा में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक दिवसीय जस गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवंबर बुधवार को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर 9 को

**अकलतरा।** नगर की समाज सेवी संस्था भवानी जन सेवा समिति एवं एमजीएमआई चिकित्सालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 9 नवंबर को सुबह 10 बजे से 3 तक सर्व समाज के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन नगर के पंचदेव मंदिर परिसर डॉ हरिकृष्ण मुकीम हॉस्पिटल में किया गया है। शिविर आयोजन समिति के सदस्य प्रकाश केडिया ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के मरीजो की जांच अकलतरा में तथा ऑपरेशन रायपुर में किया जाएगा। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के दौरान मरीजों के लिए भोजन ,ठहरने की व्यवस्था एवं आने जाने की व्यवस्था समिति के द्वारा निशुल्क की जाएगी। शिविर में चश्मे निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा।

### सिलादेही में श्याम कार्तिक मेला महोत्सव आज से

**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही के हसदेव नदी के किनारे में बुधवार 5 नवंबर से पांच दिवसीय श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। छबि पटेल ने बताया कि कार्तिक मेला महोत्सव उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद, अध्यक्षता गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत और विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपी सिंह क्षत्रिय उपाध्यक्ष भाजपा जिला सक्ती, आशीष तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष बम्हनीडीह, मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह आदि होंगे। श्याम कार्तिक मेला महोत्सव का समापन 9 नवंबर को होगा।

---

अकलतरा, जांजगीर, चांपा, सक्ती स्टेशनों में दैनिक यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# बिलासपुर ट्रेन हादसे का असर कई गाड़ियां प्रभावित, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर गतौरा के समीप लोकल ट्रेन के मालगाड़ी में भिडंत होने के बाद मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग पर दर्जनों यात्री गाड़ियां प्रभावित हुई है। लोकल ट्रेनों के रद्द होने और एक्सप्रेस गाड़ियों के विलंब होने से रेल यात्री हलाकान दिखे। जांजगीर, चांपा सहित सक्ती जिले के रेलवे स्टेशनों में दोपहर बाद रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। अधिकांश लोग तो स्टेशन से लौटकर निजी साधन से अपने गंतव्य तक पहुंचने विवश हुए।

गौरतलब है कि मंगलवार 4 नवंबर को कोरबा-बिलासपुर (मेमु) लोकल ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई थी। यह गाड़ी चांपा, जांजगीर और अकलतरा होते बिलासपुर पहुंचने वाली थी। इससे पहले गतौरा स्टेशन के पास उसी ट्रेक पर खड़ी मालगाड़ी से जा भिड़ी। हादसा इतना जबरदस्त हुआ कि लोकल गाड़ी के सामने का डिब्बा मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। घटना के बाद मौके पर रेल यात्रियों की चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन का अमला दल बल के साथ पहुंचा और राहत व बचाव कार्य तत्काल प्रारंभ किया गया। इधर इस घटना में प्रारंभिक तौर पर 4 लोगों की मौत व दर्जनों लोगों की घटना होने की जानकारी सामने आई। वहीं घटना के बाद इस मार्ग पर यात्री गाड़ियों का आवागमन अवरूद्ध हो गया। जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद कोरबा बिलासपुर एवं बिलासपुर कोरबा अप डाउन लोकल ट्रेन को स्थगित कर दिया गया है। राहत व बचाव कार्य के साथ रेली मार्ग को सुचारू करने की कवायद चल रही है। उनका कहना था कि अप लाइन शुरू होने में विलंब होने की संभावना है। इधर बिलासपुर रेल हादसे के बाद यात्रियों गाड़ियों के घंटों विलंब होने से जिले के अकलतरा, जांजगीर-नैला, चांपा तथा सक्ती जिले के बाराद्वार, सक्ती रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की भीड़ लगी रही। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक यात्रियों को हुई। जांजगीर व सक्ती जिले से प्रतिदिन आवागमन करने वाले रेल यात्रियों को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद यात्री गाड़ियों के विलंब और दो लोकल ट्रेनों के रद्द होने की सूचना पश्चात जिले के सभी रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की भीड़ लगी रही। कई लोग तो स्थिति को देखकर अपने निजी साधन से गंतव्य तक जाने विवश दिखे। इसके साथ ही घटना के बाद इस मार्ग पर यात्री गाड़ियों का आवागमन प्रभावित हो गया है। जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद कोरबा बिलासपुर एवं बिलासपुर कोरबा अप डाउन लोकल ट्रेन को स्थगित कर दिया गया है। जिसकी वजह से यात्रियों को परेशानी हो रही है।





हादसे के बाद नैला रेलवे स्टेशन में छायी विरानी तथा बंद पड़ा डिसप्ले।

### जहां-तहां खड़ी रही कई यात्री ट्रेनें

बिलासपुर रेल हादसे के बाद बाम्बे- हावड़ा रेलमार्ग पर यात्री गाड़ियों का परिचालन अवरूद्ध हो गया। इस दौरान अपने गंतव्य की ओर निकली कई गाड़ियां घंटों खड़ी रही। कोरबा से विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस शाम के 7 बजे तक कोरबा में ही खड़ी रही। रायपुर से कोरबा जाने वाली पैसेंजर रायपुर में खड़ी रही तो रायपुर-गेवरा मेमू बिल्हा स्टेशन में खड़ी रही। इसके अलावा रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायगढ़ की ओर चलने वाली दर्जनों गाड़ियां जहां-तहां खड़ी रही, जबकि डाउन दिशा की ओर चलने वाली सुपर फास्ट ट्रेनों को 7:30 बजे के बाद पार कराया गया।

### बनाई जा रही

बिलासपुर गतौरा के बीच ट्रेन हादसे के चलते ट्रेन घंटों प्रभावित हुई है। वहीं कोरबा बिलासपुर अप डाउन लोकल ट्रेन को कैंसिल किया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर व्यवस्था बनाई जा रही है।

-विद्या विनय कुमार,
स्टेशन मास्टर, जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन

---

# नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख की ठगी, पति पत्नी जेल दाखिल

## बाराद्वार थाने का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर तकरीबन 21 लाख की ठगी करने वाले दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयकिशन अग्रवाल पिता मनोज कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम बाराद्वार तह नया बाराद्वार ने बाराद्वार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ससुराल नागपुर में जान पहचान होने से आरोपी जनरैल सिंह लोहिया उम्र 33 वर्ष पिता लाहौर सिंह लोहिया एवं उसकी पत्नी वैशाली लोहिया पति जनरैल सिंह लोहिया उम्र 31 वर्ष, निवासी दक्ष पेट्रोल पम्प के पीछे ई डब्ल्यू एस क्वाटर नंबर ई 146 वैशाली नगर मेहंदीबाग कार्नर डॉ अम्बेडकर मार्ग नागपुर के द्वारा विश्वास में लेकर बैंक मे नौकरी लगाने के नाम पर नगदी एवं बैंके मे माध्यम से 21 लाख रुपए लेकर धोखा देने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रफूल्ल कुमार ठाकुर, एएसपी हरीश यादव से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर विशेष टीम रवाना किया। इस दौरान जनरैल सिंह पिता लाहौर सिंह उम्र 34 साल एवं श्रीमति वैशालील जनरैल सिंह लोहीया पति जनरैल सिंह उम्र 36 साल निवासी क्वा. नंबर ई 146, नियर इंडियन पेट्रोल पंप वैशाली नगर नागपुर थाना पांचपौली जिला नागपुर को नागपुर से गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सउनि यशवंत राठौर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, श्रीकांत सेगर व थाना बाराद्वार स्टॉफ का योगदान रहा।

रेलवे बैंक एवं अन्य सरकारी संस्थानों में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आ रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक कर किसी तरह की ठगी का शिकार ना हो। इसके लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। इसके बावजूद कई लोग नौकरी पाने की आस में लाखों रुपए गंवा बैठते है। इस तरह का मामला कई बार सामने आ चुका है। इसके बाद भी लोग ठगी के शिकार हो जाते है।

---

# दूसरे दिन भी आंदोलन पर डटे रहे सेवा सहकारी समिति संघ के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाले सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक समेत कर्मचारी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं इसके चलते उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी तैयारियों पर असर पड़ रहा है।

सरकार के द्वारा तय किए गए समय सीमा के अंतर्गत 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की जानी है, ताकि पंजीकृत किसानो का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा सके। इधर अपने चार सूत्रीय मांगो को लेकर सेवा सहकारी समिति प्रबंधक समेत स्टाफ के लोग सोमवार 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए है। कर्मचारियों का आंदोलन मंगलवार 4 नवंबर को भी जारी रहा। जिसके चलते इसका असर धान खरीदी तैयारियों पर पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उनकी मांगो पर नजर डाली जाए तो मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छतीसगढ शासन के द्वारा भी प्रदेश के 2 हजार 58 सहकारी समिति कर्मचारियो के वेतनमान व अन्य सुविधाऐ लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियो को 3 एवं 3 लाख रूपऐ की प्रबंधकीय अनुदान राशि शीघ्र आदेश लागू करने, सेवा अधिनियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने, समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023 एवं 2024 वही 2024 एवं 2025 में धान खरीदी के बाद सूखत मान्य किया जावे, सुरक्षा ब्यय एवं प्रासंगिक ब्यय तथा कमीशन,खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा में 4 गुणा बढोतरी सहित अन्य मांगे शामिल है।

### शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस बुधवार 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा। संशोधित आदेशानुसार शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस बुधवार 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### राज्योत्सव कार्यक्रम में थिरके लोग...




**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर हाई स्कूल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी लोकगायक सुनील सोनी ने अपनी सुरीली आवाज़ प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पटेल जयंती पर जिले में 7 को होगा यूनिटी मार्च का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में 7 नवम्बर शुक्रवार प्रातः 8 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा नपं राहौद से प्रारंभ होकर नगर पंचायत खरौद होते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण तक निकाली जाएगी।

## मड़वा में तेंदुए को लेकर वन विभाग द्वारा की जा रही निगरानी

**जांजगीर-चांपा।** कुछ दिन पूर्व मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में तेन्दुए की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त हुई थी. जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही थी। पिछले चार दिनो से इस क्षेत्र या इसके आस-पास के किसी भी भाग में तेन्दुए की उपस्थिति नहीं पाई गई है।

पशुपालक अपने पशुधन को रात्रि के समय सुरक्षित बाड़ो में रखें। यदि किसी स्थान पर तेन्दुए या किसी अन्य वन्यप्राणी की उपस्थिति का आभास हो, तो तत्काल सूचना उड़दस्ता प्रभारी टेकराज सिदार (अथवा वन परिक्षेत्र कार्यालय को दें। साथ ही व्यक्ति द्वारा वन्यजीव को हानि पहुंचाने, चिढ़ाने, डराने, जाल बिछाने, करंट प्रवाहित करने, या किसी अन्य प्रकार की अवैध गतिविधि करने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। तेन्दुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यप्राणी है,

## पुलिस ने जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक




लोगों को जागरूक करते पुलिस व यातायात के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस द्वारा हेलमेट जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हेलमेट यातायात जन जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साप्ताहिक बाजारों में जाकर पुलिस द्वारा लोगों को दी जा रही है यातायात नियमों के संबंध में विशेष जानकारी दी जा रही है। बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी, तेज गति वाहन नहीं चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने पर फोकस करते हुए लोगो को किया जा रहा है। थाना जांजगीर, बलौदा, सारागांव, मुलमुला एवं चौकी पंतोरा क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों में लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार 4 नवंबर को थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत के साप्ताहिक बाजारों में किया गया। इसी कड़ी में थाना बलौदा पुलिस द्वारा बलौदा में, थाना जांजगीर पुलिस द्वारा ग्राम सुकली में, पंतोरा के साप्ताहिक बाजार, कुटीघाट बाजार, सारागांव पुलिस द्वारा ग्राम देवरी के साप्ताहिक बाजार में यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

### कलेक्टर ने राईस मिलरों की बैठक में दिए निर्देश

# मिलर के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें अफसरः महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



राईस मिलर एवं अफसरों की बैठक लेते कलेक्टर महोबे।

कस्टम मीलिंग कार्य के दौरान अफसर एवं मिलर्स आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। धान खरीदी एवं उनकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने राईस मिलरों की बैठक ली।

ज्ञात हो कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होनी है। इसे लेकर मंगलवार 4 नवंबर को कलेक्टर ने राईस मिलर सहित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें खाद्य विपणन नागरिक आपूर्ति निगम सहित विभाग के अफसर मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग कार्य बेहतर ढंग से संचालन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि अफसर एवं मिलर्स आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि जिले का कस्टम मिलिंग कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 4 नवंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मिल पंजीयन, उपयोगी बारदाना आपूर्ति एवं धान उपार्जन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन, मिलिंग, परिवहन, स्टोरेज एवं वेयरहाउस संबंधी दिक्कतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें तथा मिलर्स के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले का कस्टम मिलिंग कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी कौशल किशोर साहू, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सहित राइस मिलर्स एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पूर्व कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 3 नवंबर को 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर प्रारंभ होने वाले धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एग्रीस्टैक पंजीयन कार्य सीएससी केंद्रों के माध्यम से सतत रूप से किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में बिजली, तौल कांटा, बारदाना, पानी और बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध समयपूर्व सुनिश्चित किए जाएं। ताकि धान बेचने वाले किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। धान खरीदी कार्य जांजगीर जिले के 101 सेवा सहकारी समिति एवं 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाना है।

## पुलिस लाइन में निकला अजगर, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** जिले के पुलिस लाईन में जब बच्चे



खेल रहे थे तभी कुछ लोगों की नजर एक किनारे रखें लकड़ी के ढेर पर पड़ी तो देखा उसके अंदर छुप कर एक 7 फीट का अजगर बैठा था। जिसके बाद इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दी गई। फिर रेस्क्यु ऑपरेशन चालू किया गया फिर बड़ी सावधानी से अजगर को सुरक्षित रेस्क्यु कर थैले में डाला गया और अजगर को उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में पुनः छोड़ा गया।

## उपभोक्ता आयोग के क्षमता निर्माण कार्यशाला में शामिल हुईं ममता



**कोरबा।** केन्द्रीय उपभोक्ता मामले विभाग की पहल पर महाराष्ट्र विधी विश्वविद्यालय, नागपुर में तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के राज्य उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। राज्य उपभोक्ता आयोग, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ से आठ जिलों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को नामित किया गया, जिनमें कोरबा जिले से जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य ममता दास शामिल रहीं। इनके अलावा जांजगीर-चांपा से अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, रायपुर से अध्यक्ष डॉ. केशवर शर्मा, जगदलपुर से अध्यक्ष गोपाल पाणिग्रही एवं सदस्य सुजाता जायसवाल, दुर्ग से सदस्य नीलू ठाकुर, रायगढ़ से सदस्य राजश्री अग्रवाल को भी चयनित किया गया।जुआ जागरूकता कार्यक्रम 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक आयोजित हुआ, जिसमें ई-कॉमर्स, डिजिटल साक्ष्य, न्यायिक नैतिकता, डिजिटल अरेस्टिंग, मध्यस्थता एवं न्यायपूर्ण निर्णय जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया।

### पिछले वर्ष से पुरानी समितियों में दी गई थी सुविधा

# माइक्रो एटीएम की सुविधा नई सहकारी समितियों में भी शुरु करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माइक्रो एटीएम की सुविधा सहकारी समितियों में पिछले वर्ष ही लागू की गई है। इस सुविधा से किसान को तत्कालीक रुप से दस हजार रुपए की राशि प्रदान कर दी जाती है। ये सुविधा अब तक पुरानी समितियों में ही लागू है। नई समितियों में भी माइक्रो एटीएम की सुविधा दिए जाने की कवायद चल रही है।

जिले में 60 सहकारी समिति एवं पांच उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिसकी तैयारियां चल रही है। किसानों को धान बेचने के बाद छोटी राशि के लिए भटकना न पड़े। इस समस्या को देखते हुए बीते वर्ष से माइक्रो एटीएम की सुविधा सभी समितियों को दी गई है। इस माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को 10 हजार रुपए की छोटी राशि तत्काल प्रदान की जाती है। किसानों के लिए यह सबसे बड़ी राहत थी किंतु नई समितियों के सामने यह एक बड़ी समस्या थी। बीते वर्ष जो 19 उपार्जन केंद्र थे उनको ही समिति का दर्जा देने के साथ उनका पंजीयन संख्या भी आबंटित कर दिया गया है। अब यह सभी 19 सहकारी समितियां स्वतंत्र होकर कार्य करेंगी। पुरानी समितियों की तरह माइक्रो एटीएम की सुविधा के साथ च्वाईस सेंटर, बचत बैंक तथा अन्य प्रशासकीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**खास बात**

- किसान धान बेचने के समय तत्कालीक रूप से दस हजार रुपए की राशि निकाल सकते हैं



फाइल फोटो

**क्यों पड़ी माइक्रो एटीएम सुविधा की जरुरत**

वनांचल क्षेत्र होने के कारण जिले में कई ऐसे धान उपार्जन केंद्र और सहकारी समितियां है जो दूरस्थ क्षेत्र में संचालित हैं और ऐसे क्षेत्रों में बैंकों की सुविधा नहीं है। ऐसे क्षेत्रों के किसानों को छोटी रकम के लिए भी ब्लॉक मुख्यालय स्थित बैंक आना पड़ता था या फिर गांव के ही किसी बड़े दुकानदार से उधार में पैसा लेने की मजबूरी हो जाती थी। छोटे किसानों के लिए पांच से 10 हजार रुपए की राशि भी बड़ी राशि हुआ करती है। ऐसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के समितियों में धान बेचने वाले किसानों को पांच से 10 हजार या 15 हजार रुपए तक की राशि तत्काल रुप से उपलब्ध कराने हेतु माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई थी। जिसका लाभ किसानों ने उठाया है।

**बैंक की नहीं खुल रही नई शाखा**

किसानों को सुविधाएं देने के नाम पर शासन प्रशासन माइक्रो एटीएम जैसी छोटी सुविधाएं देकर उनको राहत देने का दावा कर रहा है किंतु लंबे समय से जिले में सहकारी बैंक की नई शाखा खोलने के लिए किए जा रहे प्रयास को सफलता नहीं मिल रही है। करतला विकासखंड में 5 साल पूर्व तत्कालीन सरकार के द्वारा सहकारी बैंक की नई शाखा खोलने की घोषणा की गई थी जो आज तक पूरी नहीं हो सकी। वहीं दूसरी ओर किसानों की सुविधा के लिए एटीएम भी सहकारी बैंक के ब्लॉक मुख्यालय में नहीं लगे हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में ही सहकारी बैंक के एटीएम की सुविधा मिल रही है। शेष विकासखंड मुख्यालय में सहकारी बैंक के एटीएम नहीं है, जिससे किसानों को स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा मिली है।

## बड़मार के प्लांटेशन एरिया में घुसा हाथियों का झुण्ड, गेट तोड़कर पौधों को किया चौपट


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। कटघोरा वनमंडल में 42 हाथी पसान एवं केंदई रेंज में विचरण कर फसलों को चौपट कर रहे हैं। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में भी 38 हाथियों का झुण्ड उत्पात मचा रहे हैं। करतला रेंज के बड़मार में 38 हाथियों के झुण्ड में से 34 हाथी अलग होकर पीडिय़ा पहुंच गए। हाथियों ने यहां पहुंचते ही खेतों में प्रवेश कर वहां लगे धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है जबकि बड़मार में शेष बचे 4 हाथी वन विभाग द्वारा किए गए प्लांटेशन क्षेत्र में पहुंच गए और वहां लगे गेट को तोडऩे के साथ पौधों को भी तहस-नहस कर दिया जिससे वन विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उधर कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में विगत एक सप्ताह से उत्पात मचाकर किसानों एवं क्षेत्रवासियों के नाकों में दम कर देने वाले 42 हाथियों का झुण्ड बीती रात केंदई रेंज के लमना पहुंच गया और रास्ते में आमाटिकरा, हरमोर, कलमीटिकरा तथा लमना गांव में 15 ग्रामीणों की धान की फसल को रौंदने के बाद बेलबंधा पहाड़ पहुंच गया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने पर वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है और क्षेत्र में मुनादी कराने के साथ हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

## भूविस्थापितों ने काम देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भूविस्थापित की जमीन अधिग्रहण कर तो लिया गया है लेकिन उन्हें आउटसोर्सिंग कंपनियों में काम नहीं दिया जा रहा है। इन्हीं मांगों को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र के भूस्थापितों ने सोमवार को कुसमुण्डा कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की और कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन भी किया। एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हर गांव के भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं जमीन अधिग्रहण के समय कई नियमों को बनाकर विस्थापित होने वाले किसानों को रोजगार से वंचित कर दिया जाता और आऊट सोर्सिंग के माध्यम से भी होने वाले काम में आऊट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे भूविस्थापित भटक रहे हैं। छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हजारों भूविस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर रोजगार को बेचने का काम कर रही है जिसका विरोध हमारे द्वारा किया जा रहा है कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसका विरोध की शुरवात कुसमुंडा में किया गया है और आगे भी विस्थापित परिवार को रोजगार देने की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के रेशम यादव और दामोदर श्याम ने कहा की जिनकी जमीन गई है उन्हें ना तो स्थाई रोजगार मिल रहा है ना ही उनके परिवार को आऊट सोर्सिंग में काम सभी के हक को बेचा जा रहा है इसके विरोध में जीएम कुसमुंडा का घेराव किया गया।

# गढ़कटरा स्कूल में लगा सबसे सस्ता मेला एक रुपये में बच्चों ने जमकर उठाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मेला में उपस्थित बच्चे।

सतरेंगा गांव के गढ़कटरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्रीकांत भारिया और अजय कोशले ने सबसे सस्ता मेला नामक अनोखा आयोजन किया। इसमें सभी खाद्य पदार्थ, खेल सामग्री और मनोरंजन की चीजें केवल एक रुपये में उपलब्ध कराई गईं। उद्देश्य था बच्चों में सहयोग, सृजनशीलता और व्यवहारिक शिक्षा का समावेश किया है।

इस मेले ने पूरे गाँव को एक सूत्र में बाँध दिया। बच्चों ने क्रेता बनकर जिम्मेदारी सीखी और ग्रामवासी विक्रेता बनकर उनके उत्साह में शामिल हुए। मेले के साथ हुआ रावण दहन कार्यक्रम पूरे वातावरण को उत्सवमय बना गया। इस मेले की विशेषता यह थी कि हर वस्तु चाहे वह खाद्य सामग्री हो, खेल-कूद का सामान या मनोरंजन की चीजें सिर्फ 1 रुपये में उपलब्ध थीं। इसका उद्देश्य पैसे से अधिक भागीदारी को महत्व देना था। बच्चे खुद क्रेता बने हिसाब-किताब सीखा, सामान बेचने वालों से संवाद किया और एक-एक सिक्के के बदले मुस्कानें बाँटते रहे। यही है शिक्षा का असली रूप जो किताबों से आगे, जीवन की पाठशाला तक पहुँचती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे समाजसेवी मनीष अग्रवाल ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा श्रीकांत भारिया और अजय कोशले जैसे शिक्षक हमारे समाज की नींव हैं, जो बच्चों में सिर्फ ज्ञान नहीं, जीवन मूल्य भी बोते हैं। इस अवसर पर एम.बी. पावर अनूपपुर के प्रेसिडेंट अजय अग्रवाल तथा श्रीमति द्रौपदी केदारनाथ अग्रवाल फाउंडेशन की डायरेक्टर संगीता अक्षय गर्ग ने मिठाई और उपयोगी वस्तुएँ वितरित कीं। गाँव के सरपंच बहोरन मंझवार प्राचार्य अंजू साहू और शिक्षिका किरण कंवर सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा दी।

## बीएमएस के अजय एवं इंटक के रामकुमार एटक में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

एटक संगठन को दीपका क्षेत्र में बड़ा बल मिला है। सोमवार को गेवरा वर्कर क्लब में आयोजित सदस्यता विस्तार बैठक में लगभग 120 से 130 सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान बीएमएस के अजय राठौर अपने 70 साथियों के साथ एटक में शामिल हुए।

वहीं इंटक से रामकुमार यादव और गुलशन जायसवाल भी लगभग 60 सदस्यों के साथ एटक में प्रवेश किए। श्रमिक नेता अजय राठौर बीएमएस क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य रहे हैं, जबकि इंटक के रामकुमार यादव प्रोजेक्ट जेसीसी और गुलशन जायसवाल हाउसिंग बोर्ड मेंबर थे। इनके शामिल होने से एटक की सदस्य संख्या में इजाफा हुआ है। कार्यक्रम में एटक के केंद्रीय पदाधिकारी कन्हैया सिंह (केंद्रीय अध्यक्ष), अजय विश्वकर्मा (केंद्रीय महामंत्री), धर्मा राव (केंद्रीय सेफ्टी बोर्ड मेंबर), दीपका एरिया जीसीसी एवं महामंत्री विनोद यादव, अध्यक्ष जीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव दीपक उपाध्याय और गेवरा से वरिष्ठ नेता गोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रमिक नेता अजय राठौर ने कहा कि आने वाले समय में एटक की सदस्यता बढ़ाई जाएगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**
क्र./100/रीडर/अ.वि.अ./2025
मालखरौदा, दिनांक 31/10/25

प्रति, 1. दशरथ पिता नेतराम, निवासी ग्राम मालखरौदा वार्ड नंबर 20, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) 2. भुरुवाबाई बेवा फिरतु एवं सरवन पिता फिरतु, निवासी ग्राम बहेराडीह, पो. ओड़ेकेरा, तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.) 3. हेमकुमार पिता रूपचंद, ग्राम छोटेसीपत, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

विषयः-न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक किशुनलाल पिता दुलारसाय जाति सतनामी, ग्राम मालखरौदा, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा न्यायालय तहसीलदार मालखरौदा के रा.प्र.क्र. 202505310900013/अ-6/24-25 पक्षकार सौखी वगै. वि. हेमकुमार में पारित आदेश दिनांक 11/09/2025 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें आगामी पेशी तिथि 12.11.2025 को प्रकरण आपकी (उत्तरवादीगण) की उपस्थिति हेतु नियत किया गया है।

अतः उक्त पेशी दिवस में आप इस न्यायालय में अनिवार्यतः होवें। ज्ञात हो कि आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। यह ईश्तहार आज दिनांक 31.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर सहित जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

## 9 पहाड़ी कोरवा परिवारों का सपना हुआ साकार

**कोरबा।** ग्राम पंचायत चुईया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 9 पहाड़ी कोरवा परिवारों को उनके नवनिर्मित जनमन आवास में गृहप्रवेश कराया गया। गृहप्रवेश कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को श्रीफल, गमछा, उपहार भेंट किए गए और मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता और शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की सफलता का प्रतीक बना।जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे मौजूद कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश निर्मलकर, ग्राम पंचायत चुईया की सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सक्रिय महिलाएं, आवास मित्र, तथा बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा समुदाय एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।









# तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इस साल खास त्योहार पर रिलीज होगी। अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन इस त्योहारी सीजन में खुशियां बिखेरने के लिए एक साथ आ रहे हैं। समीर विदवान्स के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी रोमांटिक फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। सोमवार को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसमें अनन्या और कार्तिक दोनों एक साथ बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं फिर आ रहा हूं। इस बार क्रिसमस 25 दिसंबर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी।

## लाइफ Style

# अनुपर्णा



## सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज ने जिंदगी में लाया बदलाव

एजेंसी ⏭ मुंबई

मशहूर फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय को हाल ही में 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्हें काफी प्रशंसा मिली। अब अनुपर्णा ने अपनी इस जीत के अनुभवों को साझा किया।

अनुपर्णा ने अपनी ऐतिहासिक जीत को अपने जीवन का एक लाइफ चेंजिंग मूमेंट बताया। एक बातचीत में अनुपर्णा ने अपने प्रति इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव आया और उन्हें स्वतंत्र फिल्म मेकर के रूप में ज्यादा अवसर मिलने लगे। अपनी जीत के अनुभवों को साझा करते हुए निर्देशक ने बताया कि मैं इसका पूरा आनंद ले रही हूं। एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता के रूप में इसने मुझे जो अनुभव दिया, वह अद्भुत था, क्योंकि अब निर्माता मेरे लिए बहुत सुलभ हैं और मैं भी उनके लिए सुलभ हूं। मैं उन्हें अपना अगला प्रोजेक्ट बता सकती हूं। एक फिल्म निर्माता के रूप में आपको और क्या चाहिए। जब आपको अपना अगला प्रोजेक्ट बताने का मौका मिलता है और वो भी जीत की वजह से या अपनी पहली फिल्म की वजह से आपको एक और फिल्म करने का मौका मिलता है, तो यह सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। निर्देशक ने अपनी स्वतंत्र फिल्म के निर्माण के दौरान आने वाली शुरुआती चुनौतियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, जब मैंने यह प्रोजेक्ट शुरू किया, तो मैंने कभी निर्माताओं के बारे में नहीं सोचा, मैंने कभी किसी चीज के बारे में नहीं सोचा।

## हॉलीवुड मसाला



# जिम से किया प्यार का इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 56 वर्षीय हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने इंस्टाग्राम पर जिम कर्टिस के साथ अपने रिश्ते पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। अभिनेत्री ने एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, जिससे चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। नेटिजंस ने कहना है कि उन्होंने सगाई कर ली है। अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने हिप्नोथेरेपिस्ट जिम कर्टिस को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए अपनी एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इसमें वह जिम को पीछे से गले लगा रही हैं।




# गायिका ब्रिटनी ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पर कई क्रिप्टिक और इमोशनल पोस्ट साझा किया था। अब अचानक उनके इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट होने पर उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है। अमेरिकन गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स का अकाउंट रविवार यानी 2 नवंबर को डिलीट हो गया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने पूर्व पति केविन फेडरलाइन की याद में कई चिंताजनक पोस्ट साझा किया था। बीते कुछ दिनों पहले सिंगर ने एक डांस करने वाला वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों जेडन जेम्स और सीन प्रेस्टन को टैग करते हुए कैप्शन भी लिखा था। हालांकि, इस पोस्ट के कमेंट्स उन्होंने बंद कर दिए थे, जिसने नेटिजंस को हैरान किया। इसके अलावा 7 अक्टूबर को गायिका ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो शेयर किया।



# 'तेरे इश्क में' का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' सोमवार रिलीज हो चुका है। इस गाने में धनुष और कृति सेनन के रिश्ते की गहराई को दिखाया गया है।कृति सेनन और धनुष ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' लगाया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उसे केहना जो आंखें बोल गई, पर दिल नहीं कह सका.. रिलीज हो चुका है। इस साल 28 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' इस गाने की शुरुआत धनुष के सवाल से होती है कि क्या कृति कभी उनसे प्यार करती थी और कृति भावुक होकर रो पड़ती है। इस फिल्म में धनुष ने शंकर नाम के आशिक का किरदार निभाया है और कृति ने मुक्ति का रोल अदा किया है। 'उसे कहना' गाने को नितेश अहेर और जोनिता गांधी ने गाया है।



# हाथ में गुदवाया है स्मृति का टैटू

**मुंबई।** बीते रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्वकप जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद से देश में चारों तरफ जश्न का माहौल है। इसी दौरान पलाश मुच्छल ने कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसमें वो क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ भारत की जीत को सेलिब्रेट कर रहे हैं। हालांकि, पलाश के हाथ पर स्मृति के नाम के टैटू ने नेटिजंस का ध्यान खींचा। हर कोई जानना चाह रहा है कि कौन हैं पलाश, जो अपनी शादी को लेकर भी चर्चा में हैं। पलाश मुच्छल बॉलीवुड इंडस्ट्री के युवा संगीतकारों में शामिल हैं। पलाश संगीत निर्देशक भी हैं। इसके अलावा वह प्रसिद्ध गायिका और समाजसेवी पलक मुच्छल के भाई भी हैं। पलाश ने अपने कॅरियर की शुरुआत 2014 में शिल्पा शेट्टी की फिल्म 'ढिशकियाऊं' से बतौर संगीतकार के रूप में शुरू किया था।

## टीवी मसाला



# महाभारत- एक धर्मयुद्ध की एआई ने डुबोई लुटिया

**नई दिल्ली।** इन दिनों जियो हॉटस्टार पर माइथोलॉजिकल शो 'महाभारत- एक धर्मयुद्ध' का ऑडियंस में जदबरदस्त क्रेज नजर आ रहा है। जहां बीआर चोपड़ा के महाभारत की झलकियां आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं, वहीं अब एआई के सहारे इस माइथोलॉजिकल कहानी को नए जेनरेशन के लिए कुछ इस तरह से तैयार किया गया है कि वो उससे कनेक्ट हो सकें। एआई से तैयार किए गए इस शो के रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए शो में कुछ ऐसा दिख गया है जो लोगों को हजम नहीं हो पा रहा। 'रामायण' और 'महाभारत' के काल को दिखाने वाले इस शो में हस्तिनापुर का एक सीन दिखाया गया है। यहां पर कहानी भीष्म के जन्म पर बेस्ड दिखाई गई है। इस शो का पहला एपिसोड 25 अक्टूबर को स्ट्रीम हुआ है। इस सीन में दिखाया जाता है कि कैसे मां गंगा अपने नवजात बच्चे के साथ हस्तिनापुर के महल के कमरे में हैं। इसी दौरान लोगों की नजरें बेड के किनारे मॉडर्न फर्नीचर दिख रहा है। बेड के किनारे रखी साइड टेबल पर लोगों की निगाहें पड़ी हैं, जिसमें ड्रॉअर्स भी बने हैं। बेड के ऊपर रखा तकिया भी नए दौर का नजर आ रहा है। एक ने कहा- हस्तिनापुर में मॉडर्न फर्नीचर होता था क्या? हालांकि, एआई के सहारे उस सदी के इंटीरियर से कमरे के लुक को मैच करने की पूरी कोशिश की गई लेकिन इस एक चूक से लोगों के बीच जमकर मजाक हो रहा है। अब इसी सीन के स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर इसे खूब शेयर किया जा रहा है। लोगों ने कॉमेंट्स भी किए हैं।

## बिग बॉस के घर में बहने लगी है हवा उल्टी

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर के अंदर हवा और मिजाज इस वक्त बदल गया है। दिन-रात अमल के गुन गाने वालीं तान्या ने भी अब अमल को भाई जैसा कह दिया है जिसपर फरहाना ने उनकी क्लास लगा दी है।



फरहाना ने कहा- मुझे नहीं लगता कि कल से पहले तक तू अमाल को भाई मानती थी। वो कहती हैं- इतना किसी के पीछे नहीं मरते, अलग ही इंसान बन जाती है तू अमाल के सामने। 'बिग बॉस 19' के घर में हवा उल्टी बहने लगी है, मिजाज बदले-बदले दिख रहे हैं और लोगों पर चढ़ा रंग भी अब उतरने लगा है। 'बिग बॉस' को मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शल रिएलिटी शो ऐसे ही नहीं कहा जाता। इस शो में अच्छे-अच्छों के तेवर बदले हैं। फिलहाल जो पहले दिन से तान्या मित्तल का जो अंदाज दिख रहा था, वो अब बदला-बदला सा दिख रहा है। अमल मलिक की गलतियों पर आंखें बंद करने वालीं, उनके गुस्से पर प्यार और केयर जताने वालीं तान्या को अमल ने जब से बहन कहा, उनका रुख ही बदल गया है।

# आईएफएफआई 2025 में पहली बार आयोजित होगा एआई फिल्म फेस्टिवल

**मुंबई।** नवंबर की 20 से 28 तारीख तक गोवा में 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' का आयोजन होने वाला है। इस प्रोग्राम में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फिल्म फेस्टिवल और हैकथॉन का आयोजन किया जाएगा। यह प्रोग्राम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत किया जाएगा।

***कार्यक्रम में कई लोगों को साथ लाया जाएगा :*** कार्यक्रम को करने का मकसद यह पता करना है कि एआई किस तरह से फिल्ममेकिंग और कहानी कहने के तरीके में बदलाव ला सकता है। इसके जरिए फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और तकनीकी जानकारों को साथ लाया जाएगा और एआई के उपकरणों पर विचार किया जाएगा।

## कार्यक्रम का मकसद रचनात्मकता को बढ़ाना है




महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर जो एआई फिल्म फेस्टिवल से जुड़े हैं, ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद टेक्नोलॉजी के जरिए रचनात्मकता को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा 'सिनेमा ने अक्सर इंसानी सोच की ताकत को दिखाया है। आज एआई हमें एक ऐसी ताकत दे रहा है जिसके जरिए हम सपने देख सकते हैं और उन्हें प्रदर्शित कर सकते हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इसका मंच होगा।'

## एआई के इस्तेमाल पर होगी बात

एआई फिल्म फेस्टिवल में एआई से बनाई गई अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल होंगी। इसमें फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री और एनिमेशन फिल्में प्रदर्शित होंगी। डेवलपर और कहानीकारों के लिए एआई-आधारित फिल्म बनाने के लिए 48 घंटे का एक हैकथॉन भी आयोजित किया जाएगा। वर्कशॉप में इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि फिल्म बनाने में एआई का कैसे इस्तेमाल किया जाए और कहानी कहने के तरीके में क्या तकनीक इस्तेमाल की जाए।

# एक दीवाने की दिवानियत का सौ करोड़ पार

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनकी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 100 करोड़ का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन कर लिया है। इस बात से वह काफी खुश हैं, क्योंकि यह उनके कॅरियर की सबसे सफल फिल्म बन चुकी है। इंस्टाग्राम पोस्ट पर हर्षवर्धन ने कैप्शन लिखा, 'मिला पूरी दुनिया का प्यार, दीवानों ने किया सौ करोड़ पार।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपए बताया गया है। वर्ल्डवाइड यह फिल्म ग्रास 101.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह देखा जाए तो फिल्म ने अपने बजट से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 14वें दिन यानी सोमवार को 42 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म ने रविवार को 3.48 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। कुल कमाई की बात करें तो फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 64.55 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। दो हफ्ते में आकर हर्षवर्धन की फिल्म ने यह कमाई की है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' एक जुनूनी आशिक की कहानी है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने विक्रमादित्य नाम के एक आर्टिस्ट का रोल किया है। जो अदा (सोनम बाजवा) नाम की लड़की के प्यार में डूब जाता है।





## महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए

# थप्पड़ से लेकर मिसेज तक, इन फिल्मों ने दी घरेलू नायिकाओं को आवाज

***मुंबई।*** गृहिणी, जिसे आसान शब्दों में कहें तो घर की सबसे जिम्मेदार महिला कहते हैं। अक्सर उन्हें घर के हर छोटे-बड़े काम को सहजता से करते और परिवार की धड़कन की रूप में देखा जाता है। वे हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। कई बॉलीवुड फिल्मों में उनके कहानी दिखाई गई है।

**मिसेज :** आरती कदव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि किस प्रकार एक महिला अपने परिवार की जिम्मेदारियों में फंसकर अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती। साथ ही पुरुष समाज की खराब मानसिकता को भी दर्शाया गया है। यह फिल्म संदेश देती है कि एक महिला (गृहिणी) को घरों में सम्मान मिलना चाहिए और उनके सपनों की भी इज्जत होनी चाहिए।

**थप्पड़ :** साल 2020 में अनुभव सिन्हा के निर्देशन में फिल्म 'थप्पड़' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाए घर में काम करना चुनती है। हालांकि एक दिन जब उसका पति किसी कार्यक्रम में उसको थप्पड़ मार देता है, तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। यह फिल्म बताती है कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए।



**इंग्लिश विंग्लिश :** गौरी शिंदे के निर्देशन में साल 2012 में फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश'रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी शशि नाम की महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अंग्रेजी नहीं जानती और अपने परिवार और समाज द्वारा उसे इस बात को लेकर असुरक्षित महसूस कराया जाता है। इसके बाद वह अंग्रेजी सीखने का प्रयास करती है। फिल्म में श्रीदेवी मुख्य भूमिका में थीं।

***बीवी नंबर वन :*** *डेविड धवन के निर्देशन में साल 1999 में फिल्म 'बीवी नंबर 1' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी प्रेम नाम के किरदार के आस-पास घूमती है, जो एक शादीशुदा आदमी है। हालांकि, उसे एक दूसरी लड़की से प्रेम हो जाता है। फिल्म में प्रेम की पत्नी ने एक संस्कारी गृहिणी का भूमिका निभाई है। फिल्म 'बीवी नंबर वन' में सलमान खान, अनिल कपूर, करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन अहम भूमिकाओं में हैं।*

***तुम्हारी सुलु :*** *सुरेश त्रिवेदी के निर्देशन में साल 2017 में फिल्म 'तुम्हारी सुलु'रिलीज हुई थी। विद्या बालन अभिनीत यह फिल्म एक घरेलू महिला की कहानी है, जो रेडियो जॉकी बनकर अपनी जिंदगी की एक अलग मिसाल पेश करती है। फिल्म में विद्या के साथ मानव कौल नजर आए थे।*

## खबर संक्षेप

### कार्तिकेश्वर महोत्सव एवं तीन दिवसीय रात्रिकालीन रामायण का आयोजन



**सक्ती।** ग्राम पंचायत जाजंग फुलवारी चौक में लगातार चार वर्षों से श्री कार्तिकेश्वर महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रात्रिकालीन रामायण का आयोजन हो रहा है। प्रत्येक रात्रि मानस पार्टी द्वारा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। शाम 7 कार्तिकेश्वर जी का आरती तुलसी पटेल मानस मंडली द्वारा किया जा रहा है। 4 नवंबर को विशेष पार्टी टीकम शरण महाराज (ग्राम हरदी छुरा) जिला- गरियाबंद की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में आदर्श युवा समिति फुलवारी चौंक एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती की जिला अध्यक्ष बनी नेहा

**सक्ती।** सक्ती शहर के सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती नेहा गुप्ता को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा



फाउंडेशन का सक्ती जिले का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, आरती सिंह एवं प्रदेश महासचिव द्वारा की गई है। नेहा गुप्ता कहा है की जिस विश्वास के साथ फाउंडेशन ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी सक्रियता एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगी। जिले मे अतिशीघ्र नई कार्यकरणी का गठन कर एवं सभी ब्लॉकों में भी गठन कर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रीमती नेहा गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसके लिए वे उनका आभारी है।

### कवि बंशीधर मिश्रा काव्य रत्न गौरव सम्मान से सम्मानित



**अकलतरा।** नगर के हास्य कवि बंशीधर मिश्रा को विश्व हिन्दी परिषद ओड़िसा प्रांत इकाई द्वारा काव्य रत्न गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान भुवनेश्वर के राज भवन में अयोजित कार्यक्रम में उड़ीसा प्रांत के राज्यपाल डॉक्टर हरी बाबू कम्भम पति के हाथों सम्मानित किया गया। कवि बंशीधर मिश्रा को उक्त सम्मान हिन्दी भाषा मे काव्य जगत को अलंस्कृत करने हेतु शुभकामनाओ सहित प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य लक्ष्मी प्रसाद नईदिल्ली, उपाध्यक्ष देवी मिश्रा उड़ीसा, विहिप अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, खड़गपुर आई आई टी हिन्दी विभागाध्यक्ष राजीव रावत, सांसद श्रीमती ममता मोहन्ता, विपिन दुबे, अभिलाषा मिश्रा, करुणा शंकर त्रिवेदी नई दिल्ली साहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का नगर आगमन पर हुआ स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ जगन्नाथ पाणीग्रही, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल का नगर आगमन पर सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल तिवारी के निवास पर श्रीफल, शाल एवं पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया गया।

## निधन

### श्रीमती बुधवारा बाई साहू

**राहौद-धरदेई।** ग्राम धरदेई के प्रतिष्ठित नागरिक हरीशचंद्र साहू एवं गोपाल साहू की माता श्रीमती



बुधवारा बाई साहू का निधन 1 नवंबर को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के स्थानीय मुक्तीधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या स्वजातीय बंधु सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

### आदित्य कुमार तिवारी



**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही सड़क पारा के प्रतिष्ठित नागरिक आदित्य कुमार तिवारी का मंगलवार 4 नवंबर को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। वे अतुल तिवारी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 5 नवंबर को संगम नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने किया तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का समापन

# राज्य गठन के पश्चात विकास की यात्रा निरंतर जारी : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का समापन मंगलवार 4 नवंबर को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री वर्मा सहित अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों में हुए विकास कार्यों, नवाचारों और योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोकगीत जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

समापन अवसर पर राजस्व एवं प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह गर्व का क्षण है जब पूरा प्रदेश विकास, संस्कृति और आत्मगौरव के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान इसकी लोककला, संस्कृति और परंपराओं से है। हम छत्तीसगढ़िया हैं, और यही हमारी असली पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रायपुर में राज्योत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में गरीब कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है।




शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करते अतिथि।

उन्होंने पूर्वजों और महापुरुषों के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के भागीरथ प्रयासों से संभव हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के पश्चात विकास की यात्रा निरंतर जारी है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से गरीबों, किसानों और युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ अब नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है और प्रदेश 2026 तक पूरी तरह शांतिपूर्ण और समृद्ध बन जाएगा। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह गर्व का क्षण है जब हमारा छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज धान का कटोरा होने के साथ-साथ विकास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने स्वागत उद्बोधन में जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और जिले के प्रगति पथ पर अग्रसर होने की दिशा में प्रकाश डाला। इस दौरान दर्शकों की मांग पर राजस्व एवं आपदा मंत्री ने गाया गीत - मोर भाखा संग दया माया के सुन्दर हवे मिलाप रे, अइसन छत्तीसगढ़ीया भाखा कोनो संग झन नाप रे, ददरिया गीत गेंदा फूल एवं मोर गवई गंगा हे....। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, इंजी. रवि पांडेय, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, सुश्री आशा साव, श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, श्रीमती प्रियंका सिंह, गुलाब सिंह चंदेल, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अमर सुल्तानिया, देवेश सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## राज्योत्सव समारोह में संस्कृति, संगीत और उत्साह का दिखा अदभुत संगम

**सक्ती।** पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा इस वर्ष को रजत वर्ष के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसके लिए नवगठित जिला सक्ती में भी 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव समरोह-2025 का भव्य आयोजन किया गया। नवगठित सक्ती जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह का पूरे उत्साह और उल्लास के साथ आज समापन किया गया। राज्योत्सव समारोह के तीसरे और अंतिम दिन विज्ञान नाटिका, भरतनाट्यम, छत्तीसगढ़ी नृत्य, बस्तरिया नृत्य, क्राके गायन सहित विविध कलाओं का वृहद संगम देखने को मिला जिसने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। इस आयोजन में जिलेवासियों को मंच पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की आकर्षक झलक दिखाई दी। राज्योत्सव समारोह के अंतिम दिन आज जे.बी.डी.ए.व्ही.स्कूल सक्ती द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य (खन - खन बैला के घुंघरू), जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ती द्वारा भरतनाट्यम (ग्रुप डांस), गुंजन एजुकेशन सेंटर सक्ती द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य (हमर सुघर छत्तीसगढ़ नृत्य), अब्दुल वाजिद एवं साथी, अनुनय कांवेंट स्कूल सक्ती द्वारा विज्ञान नाटिका, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लवसरा द्वारा बस्तरिया नृत्य, ज्योति श्रीवास सक्ती द्वारा भरतनाट्यम, नंदनी एवं साथी, परसदाखुर्द द्वारा कृष्ण राधा के जीवन एवं प्रेम के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण - जोहार लेबे, डा.उत्तम कुमार गबेल सक्ती द्वारा क्राके गायन, श्री हरीश दुबे सक्ती द्वारा क्राके गायन और श्री अनिल साहू द्वारा आर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। स्थानीय लोक कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा को जीवंत कर दिया। लोकनृत्य, गीत-संगीत, विज्ञान और पारंपरिक कला से सजे कार्यक्रम ने इस वर्ष आयोजित राज्योत्सव समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। राज्योत्सव समारोह के समापन अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, रामनरेश यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, पुरुष, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, बच्चे और बड़ी संख्या में जिलेवासी शामिल हुवे। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश सहित सक्ती जिले मे आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने का एक बेहतर मंच मिला। क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कलाओं के प्रदर्शन ने कार्यक्रम स्थल पर पहुचे सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



- तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में स्थानीय कलाकारों ने दी आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

## 101 दीप प्रज्वलित कर मनाया दिपावली मिलन समारोह



**शिवरीनारायण।** पत्रकारों द्वारा नगर के कैफेटेरिया में भगवान राम लक्ष्मण एवं माता शबरी की पूजा अर्चना कर एवं 101 दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। दिपावली मिलन समारोह समारोह में अतिथि के रूप वरिष्ठ पत्रकार योगेश शर्मा, सुबोध शुक्ला,संतोष अग्रवाल, राजकुमार साहू, सरोज सारथी सबने अपने अपने विचार से रखे वहीं कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिला और जांजगीर चांपा जिले के कुल 42 पत्रकार शामिल हुए। मुख्य रूप से विनोद केशरवानी,मदन खांडेकर,बृजेश पटेल,बद्री आदित्य,सचिन मिश्रा,प्रतीक शुक्ला,संजय यादव, रवि शंकर कटकवार, श्यामजी कर्ष, सुदर्शन मानिकपुरी, भरत आदित्य,विजय टंडन,अजय जाहिरे, धनवीर जाहिरे,संतराम साहू, पप्पु यादव, विमल सारथी,बंशीलाल केवट,गौरव राय सागर,सुरेश गुनी,रिक्की कश्यप,नरेंद्र चंदेल, संजय सोनी, अभिजीत पाण्डेय,अमर केशरवानी, मिलेंद्र केशरवानी, मेलाराम कश्यप,अटल कश्यप, नीरज शर्मा सहित अनके पत्रकार की गरिमामय उपस्थिति रहा। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने संबोधन में अन्य पत्रकारों को कहा की एकता में बेहद शक्ति होती है और एकता का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए पत्रकार समाज में न्याय का प्रतीक है।

## लंबित प्रकरणों का समय पर करें निराकरण : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने 8 मार्च को तुर्रीधाम से सामुदायिक भवन सक्ती तक आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर द्वारा तुर्रीधाम से सामुदायिक भवन सक्ती तक रास्ते में आने वाले मंदिरों, जैतखाम, अटल चौक आदि स्थलों पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मेडिकल टीम, पेयजल, चिन्हांकित स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, टेंट, माइक आदि आवश्यक व्यस्थाए सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा आश्रम छात्रावासो का समय पर निरीक्षण करने, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामंतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, बालेश्वर राम, के एस पैकरा, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, एसडीएम डभरा विनय कुमार कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम, डिप्टी कलेक्टर प्रितेश राजपूत, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले उपस्थित थे।

- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, यूनिटी मार्च की सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने दिए निर्देश



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## आज धूमधाम से परंपरानुसार मनेगी गुरुनानक जयंती

**चांपा।** सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी का जन्मोत्सव बुधवार 5 नवंबर को नगर के सिख एवं सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से परंपरानुसार मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम 5 बजे सदर बाजार स्थित सिंधी गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। सिख पंथ के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव (प्रकाश पर्व) पर स्थानीय सिंधी एवं सिख समाज द्वारा विविध आयोजन किये जा रहे हे। बुधवार 5 नवंबर को सदर बाजार स्थित सिंधी गुरुद्वारे में पाठ सहिब की समाप्ति के बाद दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया है। शाम 5 बजे यहां से संयुक्त रुप से गुरु ग्रंथ साहिब जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार 6 नवंबर को तहसील मार्ग स्थित पंजाबी गुरुद्वारे में दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया है। यहां बाहर से आये रागी जत्थे द्वारा शबद-कीर्तन किया जायेगा। सिंधी कालोनी स्थित सिंधी समाज द्वारा गुरु गुरु नानक जयंती के अवसर पर बुधवार 5 नवंबर को पूर्वान्ह 11 बजे भोग साहिब के बाद प्रसाद वितरण होगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से सिंधु भवन में आम लंगर का आयोजन किया गया है। पर्व की तैयारियों में दोनों समाज जुटा हुआ है।



- निकलेगा नगर कीर्तन, जगह-जगह आम लंगर का आयोजन

## अखिल भारतीय गायत्री परिवार युवा संगठन का विभिन्न स्थानों पर सामूहिक संकल्प दीप महायज्ञ

**अकलतरा।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार युवा संगठन दिया के द्वारा अकलतरा सहित जांजगीर जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक संकल्प दीप महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया की सदस्य कविता कश्यप ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल का जीवन एकता, दृढ़ता, राष्ट्र प्रेम, संकल्प शक्ति समर्पण, और साहस का प्रतीक है उनका जीवन दर्शन प्रेरणाओं से भरा है हम सभी को उनके जीवन से उनके शौर्य और साहस से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है । अमित राठौर ने भी कहा कि सरदार पटेल जी ने हम सभी को



एकता का सूत्र दिया इस आदर्श पर संगठित होकर समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है । रामधन कौशिक एवं कमल कश्यप ने बताया कि 31 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ में गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया के द्वारा राष्ट्रीय एकता संदेश को लेकर एक ही समय में दीप यज्ञ पूरे जिले में संपन्न किए गए। कार्यक्रम में के .बी साहू , जे.पी साहू , कविता कश्यप, अमित राठौर, दयाराम कर्ष, सरिता यादव, मीनाक्षी सोनी शिवरीनारायण ,जीतराम साहू, मनीषा यादव , राकेश श्रीवास, , श्रुति साहू मधुवा, कमल कश्यप अकलतरा, रामधन कौशिक कमरीद , नरेश राठौर, अजय गोस्वामी, धनंजय श्रीवास, दीपक साहू, लखन राठौर, प्रमिला कर्ष, देव चरण श्रीवास जांजगीर , आदि ने इस सामूहिक अभियान में भागीदारी की।

## अनुशासन और सेवा की भावना को जीवन में अपनाने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय, अकलतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र मेहता ने सरदार पटेल के जीवन और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश को एकता, अखंडता और समरसता की भावना से जोड़ने की आवश्यकता है।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा जायसी के निर्देशन में किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को एकता, अनुशासन और सेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश



दिया। स्वयंसेवकों ने "राष्ट्रीय एकता शपथ" ली और महाविद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक मेघा, कलेश्वरी, हिमांशु, शिवेश, मासूम रवि छात्र-छात्राएँ तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## बेटियों के क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में शिक्षक ने कराया न्योता भोज

**अकलतरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 52 साल के इंतजार को खत्म करते हुए महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के ऐतिहासिक जीत की खुशी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नरियरा के शिक्षक सूरज कुमार साहू के द्वारा विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में बच्चों को दाल, चांवल, सब्जी, पूरी , केला, जलेबी, परोसा गया। नगर पंचायत नरियरा के अध्यक्ष राधिका सहगल न्योता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ इसे मनाएं। युवा पार्षद मनोज कुमार साहू ने कहा कि इस प्रकार का पौष्टिक भोजन करा सकते हैं या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। यह एक ऐसा



अवसर है जहां बच्चों के साथ अपनी खुशियां बांटी जा सकती है। न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ शामिल होकर इस दिन को विशेष रूप से भोजन करा सकते हैं। विभिन्न त्यौहारों, अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। संकुल समन्वयक ईश्वरी प्रसाद कश्यप ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक सूरज कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक सूरज साहू, शारदा निर्मलकर रेणुका मलिक, ईश्वरी कश्यप, दीपेंद्र, अनिल बंजारा , विमलेश महिपाल, रामकुमार मिरि, दुर्गेश्वरी निर्मलकर उपस्थित रहे।

